कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

zp-kanker.cg@nic.in Office Tel. No. 07868-241282, Fax No. 07868-241482

क्रमांक/18017/जि.पं./व्या.पं./भर्ती/2017-18 कांकेर,दिनांक 14/03/2018

// प्रेस विज्ञप्ति //

छ.ग.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र क्रमांक /पंचा/शि.क.नि./पंग्राविवि / 22 / 2017 /107 नया रायपुर दिनांक 22.07.2017 द्वारा विज्ञापित व्याख्याता पंचायत पद हेतु व्यापम द्वारा ली गई परीक्षा में पूर्व में 1:3 में सत्यापन कर रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गयी थी।

भर्ती उपरांत स्वेच्छा से त्यागपत्र देने या कार्यभार ग्रहण नही करने के कारण रिक्त हुए पदों पर मेरीट सूची के अनुसार प्रतीक्षा सूची से पुनः रिक्त पद के विरूद्ध नियुक्ति की जानी है। प्रतिक्षा सूची से **विषय अंग्रेजी एवं जीव विज्ञान** के रिक्त पदो पर पदस्थापना की कार्यवाही काउंसलिंग के माध्यम से की जानी है।

इस हेतु जिला पंचायत कार्यालय कांकेर के सभा कक्ष में **दिनांक 16 मार्च, 2018 को प्रातः 11 बजे से काउंसलिंग आयोजित की गयी है।** प्रस्तावित चयन सूची जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर के वेबसाईट **www.zp kanker.gov.in** में अपलोड एवं जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा की गयी है, जहां सूची का अवलोकन किया जा सकता है ।

काउंसलिंग में उपस्थित नहीं होने की दशा में काउंसलिंग का अवसर समाप्त करते हुए शेष बचे रिक्त पदों पर कार्यालय स्तर से पद स्थापना की जावेगी जो मान्य होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत कांकेर

पृ0 क्रमांक/18018/जि.पं./व्या.पं./भर्ती/2017-18/ कांकेर/ दिनांक 14/03/2018

प्रतिलिपिः-

01. संचालक, पंचायत संचालनालय,इन्द्रावती भवन द्वितीयतल मंत्रालय नया रायपुर को सादर सूचनार्थ ।
02. कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ ।
03. जिला जनसम्पर्क अधिकारी , जिला उत्तर बस्तर को सूचनार्थ । उक्त प्रेस विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे ।
04. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर, NIC को सूचनार्थ । उपरोक्तानुसार सूची जिला पंचायत के वेबसाईट में तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें ।
05. D.P.M. जिला पंचायत कांकेर को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु । उपरोक्तानुसार सूची जिला पंचायत के वेबसाईट में तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत कांकेर

Scanned by CamScanner